प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv | Twitter-Subharti Tv
www.subhartimedia.com
लखनऊ, शनिवार, 02 मार्च 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12
उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित

चंदा कोचर और वेणुगोपाल के ठिकानों पर छापे पेज-11



# सांस्कृतिक उत्सव में तकनीकी छात्रों ने बिखेरी प्रतिभा

**आयोजन**

- एकेटीयू का कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

प्रतिभागी को सम्मानित करते एसएमएस के सीईओ शरद सिंह

**लखनऊ। प्रभात**

डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज लखनऊ में क्षेत्रीय स्तर का कला और सांस्कृतिक उत्सव 2018–19 का आयोजन किया गया। एकेटीयू से सम्बद्ध 24 इंजीनियरिंग और मैनेजमेन्ट संस्थाओं के करीब 450 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपनी प्रतिभा 16 विभिन्न क्षेत्रीय स्तर के कार्यक्रमों में बिखेरी। डॉ शकुन्तला मिश्रा पुर्नवास विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो0 (डॉ0) सीके दीक्षित डीन, इसके उद्घाटन अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि रहे। इस क्षेत्रीय स्तर की आर्ट्स कलचरल प्रतियोगिता में आईईटी, लखनऊ, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा, पीएसआईटी कानपुर, अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ, फिरोज गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बीबीडी लखनऊ, बीबीडी एनआईटीएस लखनऊ, एस0आर0एम0 इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट लखनऊ, एस0आर0 इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ, आरआर इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न टेक्नोलॉजी लखनऊ, बीएसएसआईटीएम लखनऊ और अन्य कई संस्थान इस उत्सव के हिस्से रहे। फैशन जलवा, पोस्टर बनाना, संगीत प्रतियोगिता, टीशर्ट पेन्टिंग, चेहरा पेन्टिंग इस उत्सव के मुख्य आकर्षण थे रहा। जिसमें आई0ई0टी लखनऊ मेंहदी प्रतियोगिता में अव्वल रहा। पी0एस0आई0टी0 एकल गायन में प्रथम रहा। कोलाज, टीशर्ट पेन्टिंग, संगीत प्रतियोगिता, युगल–गायन, समूह–गायन, समूह–नृत्य में प्रथम स्थान, पीएसआईटी ने ही पाया। बीएसएस आईटीएम लखनऊ ने फैशन जलवा में प्रथम स्थान पाया। एस0एम0एस0 लखनऊ के खाते में फेस–पेन्टिग का प्रथम स्थान आया।